आकाशवाणी चंडीगढ़

27 अक्तूबर 2024, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज "मन की बात" कार्यक्रम में डिजिटल अरेस्ट को लेकर चिंता प्रकट की।
- श्री मोदी ने कहा कि भारत, एनीमेशन की दुनिया में नई क्रांति की ओर अग्रसर है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से अपनी सृजनात्मकता को विस्तार देने की अपील की।
- श्री मोदी ने लोगों को धनतेरस, दिवाली, छठ पूजा और गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की शुभकामनायें दीं।
- राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने "मन की बात" पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोगों को डिजिटल अरेस्ट
- बारे प्रधानमंत्री द्वारा सुझाये उपायों पर ध्यान देना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल अरेस्ट को लेकर चिंता प्रकट की है।

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान एक पीड़ित और एक जालसाज के बीच हुई बातचीत भी सुनवाई। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे ऐसे फर्जी कॉल आने पर भयभीत न हों। श्री मोदी ने स्पष्ट किया कि जांच एजेंसिया कभी भी फोन या वीडियो के जरिये पूछताछ नहीं करतीं।

प्रधानमंत्री ने डिजिटल सुरक्षा के लिए तीन उपायों रुको, सोचो और करो की चर्चा की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकारी एजेंसियों के बीच तालमेल के लिए राष्ट्रीय साइबर समन्वय केंद्र स्थापित किया गया है। इन एजेंसियों ने वीडियो कॉल करने वाले हजारों फर्जी आई डी, लाखों सिमकार्ड, मोबाइल फोन और बैंक खातों को ब्लॉक किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एनिमेशन की दुनिया में नई क्रांति की ओर बढ़ रहा है।

श्री मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि छोटा भीम, ठोलक पुर का ठोल, कृष्णा, हनुमान और मोटू-पतलू के प्रशंसक दुनिया भर में मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि भारत में गेमिंग की दुनिया का लगातार विस्तार हो रहा है और भारतीय खेल दुनिया भर में लोकप्रिय हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब एनिमेशन एक ऐसा उद्योग बन गया है जो अन्य उद्योगों को भी ताकत दे रहा है। श्री मोदी ने युवाओं से अपनी सृजनात्मकता को विस्तार देने की अपील की।

प्रधानमंत्री ने मन की बात में आत्मनिर्भर भारत अभियान का जिक्र भी किया। उन्होंने अभियान की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा-

उन्होंने कहा कि पहले, भारत रक्षा उपकरणों का सबसे बड़ा खरीददार था लेकिन अब वह 85 देशों को निर्यात कर रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बन गया है और इसी महीने लद्दाख के हानले में एशिया के सबसे बड़े इमेजिंग टेलीस्कोप एम.ए.सी.ई का उद्घाटन किया गया है। प्रधानमंत्री ने श्रोताओं

से नवाचार और आत्मनिर्भर भारत संबंधी उदाहरण सोशल मीडिया पर साझा करने की अपील की। उन्होंने त्योहारों के इस मौसम में खरीददारी करते समय "वोकल फॉर लोकल" के मंत्र को ध्यान में रखने की अपील भी की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष दो महान नायकों-सरदार पटेल और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती है। श्री मोदी ने कहा कि इन दोनों महान आत्माओं को कठिन चुनौतियों को सामना करना पड़ा लेकिन फिर भी उन्होंने देश की एकता के स्वप्न को नहीं छोड़ा। श्री मोदी ने इस वर्ष 31 अक्तूबर को दिवाली के अवसर पर सरदार पटेल की जयंती का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इसके कारण रन फॉर यूनिटी इस वर्ष 31 अक्तूबर की बजाए 29 अक्तूबर को आयोजित होगी। उन्होंने इस अवसर पर लोगों से अधिक संख्या में भाग लेने का अनुरोध किया।

श्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में धनतेरस, दिवाली, छठ पूजा और गुरु पर्व की शुभकामनाएं भी दीं। मन की बात में प्रधानमंत्री ने फिट इंडिया के बारे में भी बात की। उन्होंने संतोष जाहिर किया कि भारत के लोग फिटनेस के बारे में ज्यादा जागरूक हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि फिट इंडिया की भावना अब एक जन आंदोलन बन रही है।

श्री मोदी ने लोगों से सोशल मीडिया पर हैशटैग फिट इंडिया का प्रयोग करते हुए अपनी गतिविधियों को साझा करने को कहा।

****

राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा और कालका से विधायक शक्ति रानी शर्मा ने कहा कि कालका के विकास को गति दी जाएगी और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। आज कालका में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस को लेकर अधिकारियों के साथ आज बैठक भी की गई है। उन्होंने बताया कि नशों की रोकथाम के लिए कालका विधानसभा में जल्द ही एक विशेष कार्य बल का गठन किया जा रहा है। कालका विधानसभा में प्रमुख स्थानों पर आधुनिक सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के “मन की बात” में उठाये डिजिटल अरेस्ट के मद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि

मोरनी में परिवहन की समस्या पर उन्होंने कहा कि इसे परिवहन मंत्री अनिल विज से बात कर हल किया जाएगा।

****